सार-समाचार

भाजपा नगर मंडल की बैठक संपन्न

जालोर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश में भाजपा प्रदेश नेतृत्व की ओर से चल रहे जन आक्रोश यात्रा के तहत जालोर नगर में आने वाली जनाक्रोश यात्रा को लेकर शुक्रवार को भाजपा नगर मंडल जालौर की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम प्रभारी संजय बोराणा ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय में नगर मंडल जालोर की बैठक यात्रा जिला संयोजक व भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य व नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जालौर नगर में जन आक्रोश यात्रा की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी। यात्रा जिला संयोजक व भाजयुमो जिलाध्यक्ष सिसोदिया ने कहा कि नगर के सभी क्षेत्रों में जन आक्रोश यात्रा पहुंचे। जिससे मरने वाले पार्टी कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं को यात्रा से जुड़ सकें। नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने कहा कि जन आक्रोश यात्रा में आमजन की अधिकाधिक सहभागीता रहे। प्रदेश की नकारा निकम्मी कांग्रेस सरकार के खिलाफ सभी एकजुट होकर इस मुहिम को भव्य बनावे। बैठक में एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मनोहर राणा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, नगर उपाध्यक्ष घनश्याम देवासी, भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बगेड़िया, सोशल मीडिया जिला संयोजक चंद्रकांत सुंदेशा, आईटी जिला सहसंयोजक अचल सिंह परिहार, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष जोगेश सेन सहित कई पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अतिरिक्त पद सृजित हो : चौधरी

बाड़मेर, (निसं)। पंजाब कांग्रेस प्रभारी व पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चौधरी ने शुक्रवार को भूतपूर्व सैनिक आमेलन अधिनियम 1988 संशोधन को प्रक्रियाधीन भर्तियों में लागू करवाने व विगत चार सालों से प्रभावित बेरोजगार युवाओं हेतु अतिरिक्त पद सृजित करवाने को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा। चौधरी ने बताया कि विगत दिनों भूतपूर्व सैनिक आमेलन अधिनियम 1988 में संशोधन कर केंद्र व अन्य राज्यों की तर्ज पर प्रत्येक वर्गवार 12.5 प्रतिशत करने से प्रदेश में युवाओं व भूतपूर्व सैनिकों में प्रसन्नता है। इस संशोधन से प्रत्येक वर्ग के भूतपूर्व सैनिकों व युवाओं को समान अवसर प्राप्त होंगे। लेकिन उक्त निर्णय का प्रक्रियाधीन भर्तियों में लागू होना अत्यंत आवश्यक है। जिससे राज्य में आगामी लगभग एक लाख भर्तियों में सभी को समान अवसर मिले। हरीश चौधरी ने बताया कि 17 अप्रैल 2018 को इस अधिनियम में हुई विंसगति की वजह से हजारों युवा चयन होने से वंचित हो गए। पूर्व मंत्री चौधरी ने सीएम से प्रदेश के बेरोजगार युवाओं व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए संशोधन को प्रक्रियाधीन भर्तियों में लागू करवाने व बीते चार सालों से प्रभावित युवाओं के लिए अतिरिक्त पद सृजित कराने की मांग की।

जन आक्रोश यात्रा की गांवो में हुई सभाएं

सायला, (निसं)। राज्य की कांग्रेस सरकार के विरुद्ध भाजपा द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा का शुक्रवार को जालोर विधानसभा क्षेत्र में सायला मंडल के मोकनीखेड़ा गांव में स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा ने बताया कि सायला मण्डल स्तरीय जन आक्रोश यात्रा के तहत वालेरा, चौराऊ, आसाना, लोदराऊ, थलवा?, बाकरागांव, बैरठ में जनसभाए हुई। जन आ ोश यात्रा को गावों मे किसानो, युवाओ, महिलाओ समेत ग्रामीणों ने समर्थन दिया। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री व मुख्य वक्ता भूपेंद्र देवासी, जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, भारताराम चौधरी, सायला प्रधान ढोमीदेवी, जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, मण्डल अध्यक्ष नैनमल लखारा, जिला मंत्री पवनीदेवी मेघवाल, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष बलवंतसिंह तूरा, पदमाराम चौधरी, मुलसिंह चम्पावत, मांगीलाल राजपुरोहित, शंकर भादरू, जबरसिंह राजपुरोहित चौराऊ सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

तिथियों में परिवर्तन की मांग

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्टीय ने जिले में नवाचार मेरा विद्यालय, मेरा अभिमान की तिथियों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा तथा मध्यावधि अवकाश के कारण परिवर्तन किए जाने की मांग की है। शिक्षक संघ राष्टीय के जिलाध्यक्ष गुलाब भाटी एवं जिला मंत्री शैतान सिंह राजपुरोहित ने बताया कि जिले भर में 8 दिसंबर से अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित हो रही है जिसमें प्रात: 9.15 से 12.3० तक तथा 1.15 से 4ः3० तक दो पारियों में कक्षा 10 व 12 तथा कक्षा 9 व 11 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं आयोजित हो रही है विद्यालय स्तर पर कक्षा 6, 7 तथा 8 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं आयोजित हो रही है द्य ऐसे 10 दिसंबर तथा 17 दिसंबर को अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान नो बैग डे तथा गतिविधियों का आयोजन संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर को मध्यावधि अवकाश के कारण विद्यालय बंद रहेंगे।

पेंशनर्स दिवस समारोह 17 को

बाड़मेर, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा बाड़मेर का जिला स्तरीय पेंशनर्स दिवस समारोह 17 दिसंबर को स्थानीय अग्रवाल पंचायत भवन नेशनल हैंडलूम के पीछे में प्रात: 9 बजे से आयोजित होगा। जिसमें 75 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के पेंशनर्स को सम्मानित किया जाएगा। अन्य विशिष्ट सेवारत पेंशनर्स को भी सम्मानित किया जाएगा। पेंशन समाज के मंत्री चंदन सिंह परमार ने बताया कि जिले की समस्त उपशाखाओ सहित समस्त पेंशनर्स को निर्धारित दिवस व समय पर उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए तैयारियां की गई है। परमार ने पेंशनर्सस को विशेष आग्रह किया कि वे पेंशनर समाज के पंजीकृत सदस्य बनकर पेंशनर समाज बाडमेर के वाट्स एप ग्रुप में जुडें एवं अपना सहयोग देकर समारोह को सफल बनावे।

नगर परिषद् सभापति को बताई समस्याएं

जालोर, (कासं)। दी जनरल मर्चेंट एसोसिएशन जालोर के पदाधिकाारियों ने शुक्रवार को नगरपरिषद के सभापति से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। वही सभापति ने भी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। जनरल मर्चेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जालमसिह नरावत, उपाध्यक्ष कैलाश माहेश्वरी, सचिव कैलाश लखारा, कोषाध्यक्ष गोविन्द चौधरी व अन्य व्यापारियों ने नगरपरिषद के सभापति गोविन्द टांक से मुलाकात कर नगर में व्याप्त समस्याओं से अवगत करवाया। जिसमें तिलक द्वार से घांचियो की पिलानी, सदर बाजार, गांधी चौक से सरदार पटेल मार्ग होते हुए तिलक द्वार तक जल्दी से जल्दी डामर रोड़ शुरू करवाना, सूरज पोल से किले कि घाटी तक डामरीकरण, पंचायत समिति के पास अस्थाई शौचालय,नया बस स्टेण्ड से पंचायत समिति के बीच व विभिन्न मार्केट में स्थाई शौचालय निर्माण, मार्केट में पार्किंग व्यवस्था व एसोसिएशन भवन के लिए जमीन आवंटन, राजेन्द्र नगर में बन रही रोड़ का लेवल नीचे करने सहित अन्य मांगो को लेकर वार्ता की गई। वही सभापति ने भी व्यापारियों ने उक्त समस्याओं का समाधान जल्द करने का पूर्ण आश्वासन दिया।

रेवदर में भाजपा की जन आक्रोश यात्रा

रेवदर, (निसं)। कांग्रेस सरकार के कुशासन के विरुद्ध भाजपा के प्रदेश व्यापी जन आंदोलन जन आक्रोश यात्रा के चौथे दिन विधानसभा बाली की रथ यात्रा में जिला अध्यक्ष मनसा राम, विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, मंडल अध्यक्ष जगदीश परिहार बाली, बाली विधानसभा प्रभारी गणपत सिंह निम्बोडा मौजूद रहे। रथ यात्रा नगर पालिका के शिवाजी चौक, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, प्रताप चौक, डॉ. अंबेडकर कॉलोनी, पुराना पुलिस थाना, सुधारों का बास, मारु स्ट्रीट, बेरा चौक, तोपखाना बास, रंजन सराय, जोधा चौक, राजावत पार्क, सुभाष बस्ती, राडावा और रडावा के अखरिया चौक पहुंची। जहां नगरवासियों ने रथयात्रा का भव्य स्वागत किया और भाजपा के जन आंदोलन को समर्थन देते हुए सफलता का आशीर्वाद प्रदान किया। बाली विधानसभा क्षेत्र प्रभारी गणपत सिंह निम्बोडा ने बताया कि कांग्रेस के शासन में प्रदेश में अपराध, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है, लेकिन मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने की जुगत में लगे हैं।

पाराशर का जालोर जिला दौरा आज से

जालोर, (कासं)। जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर 10 से 12 दिसम्बर तक जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर 10 दिसम्बर को सायं 6 सुन्देलाव तालाब पर "राजस्थान के रंग" सांस्कृतिक संध्या में शिरकत करेंगे। वे 11 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पावटा (आहोर) का शिलान्यास करेंगे। तत्पश्चात् दोपहर 1 बजे पावटा से रवाना होकर दोपहर 2 बजे जालोर पहुँचेंगे। वे 12 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं जन अभियोग से संबंधित समीक्षा बैठक में शिरकत करेंगे। तत्पश्चात् वे सायं 6 बजे ब्यावर के लिए प्रस्थान करेंगे।

जालोर में न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश जारी

जालोर, (कासं)। जयपुर में न्यायाधीश के आवास पर सहायक कर्मचारी की संदिग्ध मौत के मामले को लेकर प्रांतीय महासभा के आव्हान पर न्यायिक कर्मचारी संघ जालोर के कर्मचारी शुक्रवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे।

शुक्रवार को दसवें दिन भी कर्मचारियों ने कार्य नहीं किया, और न्यायालय परिसर में सामूहिक अवकाश पर बैठे रहे।

न्यायिक कर्मचारी संघ जालोर के अध्यक्ष जैसाराम ने बताया कि जयपुर में एक विशिष्ट न्यायाधीश के आवास पर सहायक न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा की संदिग्ध मौत के मामले में विभिन्न मांगों को लेकर जालोर में भी विभिन्न न्यायालयों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी नौवें दिन गुरूवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे एवं न्यायालय परिसर में धरना दिया।

उन्होंने बताया कि प्रांतीय महासभा के निर्देशानुसार मांगे पूरी नहीं होने तक कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश जारी रहेगा।

सामूहिक अवकाश पर जैसाराम, विश्वेश वशिष्ठ, भूपेश व्यास, मदनलाल राजपुरोहित, धनराज खत्री, मिश्रीमल परिहार, मुरारीलाल अवस्थी, सुखराज घांची, चेलाराम, ईश्वरलाल सोलंकी, अरविन्द कुमार दवे, भरतकुमार शर्मा, हंजारीमल, ताहिर हुसैन, थानाराम मीणा, जगदीशसिंह चौहान, नगाराम, वेनाराम, शंकरलाल मीणा, असलमखां, मुकद्दरअलीं, अल्ताफ खां, राजकुमार, शाहनवाजखां, नाहिद अली, शाहरूख अली, इंसाफअली, दिनेश मीणा, मुकुल सुथार, अस्फाक हुसैन, ललित कुमार, वीणा मीणा, ममता गहलोत, विक्रमसिंह पंकज संतोलिया, हर्ष कथुरिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रकाश गहलोत, कैलाश कुमार, भरत कुमार मेघवाल, प्रवीण कुमार, निखिल व्यास, चालक नासिर अली, अशोक कुमार, न्यायालय के सवार भैरूसिंह, इमरानअली, कन्हैयालाल, परवेजअली, भीमाराम, राहुल कल्ला, कैराराम, सलमानखान, रिटायर्ड कर्मचारी हंजाराम, जुहाराराम भाटी सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

जालोर में न्यायिक कर्मचारी एसोसिएशन का धरना दसवें दिन भी जारी रहा। फोटो-राष्ट्रदूत

भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर : मुकेश सांकरणा

जालोर के पास आहोर क्षेत्र के पाणवा में भाजपा की जनाक्रोश रथ यात्रा को प्रभारी मुकेश राजपुरोहित ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के आहोर विधानसभा क्षेत्र के गोदन मंडल में पहुंची जनाक्रोश रैली में शुक्रवार को पाणवा में आयोजित महिला चौपाल में संबोधित करते हुए रैली के जिला सह संयोजक एवं भाजपा जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित सांकरणा ने कहा की प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में महिलाओं पर अत्याचार, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर है। गहलोत सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है आने वाले चुनावों में गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान किया।

चौपाल को जिला संयोजक गजेन्द्र सिंह, जिला सह संयोजक विधानसभा संयोजक बंशीलाल, जिला मंत्री लाखाराम देवासी, जिला आई टी संयोजक देवेन्द्र सुथार, महिला संयोजक डॉ. मंजू मेघवाल ने संबोधित किया। शुक्रवार को जन आक्रोश यात्रा भागली पुरोहितान, राजनवाडी, पांडगरा, उण, कानीवाडा, सांकरणा, बिछावाडी, गोदन, बादनवाडी, देछू, स्वरूपरा, बोकडा, देबावास, पाणवा, ओडवाडा, देवकी, मीठडी, हनवंतगढ, सेदरीया कुपावतान, सामूजा में स्वागत, नुक्कड सभा, ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला सोशल मीडिया संयोजक चन्द्रकांत सुन्देशा, महिला संयोजक डां. मंजु मेधवाल, मंडल अध्यक्ष महावीर सिंह पाणवा, एससी मोर्चा के विजयपाल, व्यापार प्रकोष्ठ रणजीतसिंह आदि थे।

सोमवार को बाधित रहेगी जलापूर्ति

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 12 दिसंबर को जलापूर्ति बाधित रहेगी। आगामी प्रस्तावित इंदिरा गांधी नहरबंदी व ठीष्मकाल के लिए जल भंडारण तथा फिल्टर प्लांट, पम्प हाउस, पाइप लाइनों के रखरखाव व सफाई के लिए 11 दिसंबर को रात 8 बजे से 12 दिसंबर रात 8 बजे तक कायलाना पंप हाउस एवं सुरपुरा फिल्टर हाउस तथा 11 दिसंबर को रात 12 बजे से 12 दिसंबर रात 12 बजे तक चौपासनी फिल्टर हाउस तथा 12 को सुबह 8 बजे से 13 दिसंबर सुबह 8 बजे तक झालामंड एवं तखतसागर फिल्टर हाउस से सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति बंद रहेगी। कायलाना, चौपासनी व सुरपुरा फिल्टर हाउस से संबंधित सभी क्षेत्रों में 12 दिसंबर को होने वाली जलापूर्ति 13 को तथा 13 को होने वाली जलापूर्ति 14 दिसंबर को होगी। अधिशाषी अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत जोधपुर अनिल पुरोहित ने बताया कि झालामंड व तखतसागर फिल्टर हाउस से जुड़े क्षेत्र सरस्वती नगर व कुड़ी के सेक्टरों एवं पाल बाइपास, शिल्पठाम के आसपास क्षेत्रों में 12 को सुबह 10 बजे तक की जलापूर्ति सामान्य रूप से होगी तथा इन क्षेत्रों में 13 दिसंबर को की जाने वाली जलापूर्ति 14 दिसंबर एवं 14 दिसंबर को की जाने वाली जलापूर्ति 15 दिसंबर को होगी।

रीट प्रमाणपत्रों का वितरण शुरू

जोधपुर, (कासं)। प्रदेश में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट)-2022 में सफल रहे कैंडिडेट्स के प्रमाण-पत्रों का वितरण शुरू हो गया। वितरण केंद्रों की सूची रीट-2022 की वेबसाइट पर जारी लिंक पर रोल नंबर जन्म दिनांक की प्रविष्टि कर पता कर सकते हैं। प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए वेबसाइट पर लिंक 2022 जारी किया गया है।

जोधपुर में दो केंद्र जोधपुर में रीट प्रमाण पत्र वितरण के लिए दो स्कूलों गांधी स्कूल और चौपासनी चारणान स्कूल को केंद्र बनाया गया है। गांधी स्कूल में कुल 12 हजार रीट प्रमाण पत्र हैं, जिनमें से दो दिनों में 1500 प्रमाण पत्र अभ्यर्थी ले जा चुके हैं। इधर चौपासनी चारणान में 13 हजार 126 सर्टिफिकेट आए थे, उसमें दो दिन में साढ़े सात सौ बंट चुके हैं। पात्रता राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट)-2022 के लेवल 1 की परीक्षा में 3,20,014 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 2,03,609 पात्र घोषित किए गए। परीक्षा परिणाम 63.63 प्रतिशत रहा।

भारत जोड़ो यात्रा के लिए जालोर से कार्यकर्ता रवाना

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुष्मिता गर्ग के नेतृत्व में जालोर से बालिकाएं भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने बस से रवाना हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भारत जोडो यात्रा में जालोर से पूर्व एनएसयूआई छात्र संघ अध्यक्ष सुष्मिता गर्ग के नेतृत्व में बालिकाए बस से रवाना हुई। बस को नगर कांग्रेस अध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किय।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुष्मिता गर्ग ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा में अपार जन समर्थन मिल रहा है। गर्ग ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा से हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। देश भर में राहुल गांधी के यात्रा निकाली जा रही है। इसको लेकर कोटा में भारत जोड़ो यात्रा में जालोर से कांग्रेस कार्यकर्ता शुक्रवार को बस से रवाना हुए। जो शनिवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी।

यात्रा में सभी बालिका राहुल गांधी के साथ ताल से ताल मिलाकर चलेंगी।

हाई कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज-रिकॉर्डिंग्स पत्रावली पर लेने के आदेश दिए

जालोर, (कासं)। विशिष्ट न्यायाधीश अजा - अजजा न्यायालय जालोर पीयुष चौधरी ने एक बाल अपचारी को मुकदमे में झूठा फंसाने व तीन व्यक्तियों को बिना किसी अपराध के हवालात में बंद रखने पर पर पुलिस कर्मियो के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था लेकिन अनुसंधान अधिकारी द्वारा अपने अधिनस्थ पुलिसकर्मीयों को बचाने का प्रयास करने पर तफ्तीश हाईकोर्ट ने बदल कर सिरोही एसपी को दी है। वही न्यायाधीश द्वारा प्रार्थना प्रस्तुत कर उक्त प्रकरण की सीसीटीवी फूटेज व फोन से ली गई रिकार्डिंग पत्रावली पर लेने का आग्रह किया, लेकिन उक्त फुटेज व रिकार्डिग पत्रावली पर नही लेने पर न्यायाधीश ने हाई कोर्ट जोधपुर में याचिका प्रस्तुत की। जिसके बाद हाई कोर्ट ने लोक अभियोजक को निर्देश दिये कि उक्त प्रकरण में सीसीटीवी फुटेज व रिकॉर्डिग को पत्रावली पर लिया जाये। तथा तथ्यात्मक रिपोर्ट से 19 दिसम्बर को हाईकोर्ट को अवगत करवाने के आदेश दिये।

न्यायाधीश पीयुष चौधरी ने 2 दिसम्बर 2021 को किशोर बोर्ड की न्यायाधीश अवकाश पर होने से लिंक अधिकरी के नाते सीजेएम जालोर के पद पर रहते हुए सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया गया। उस दौरान एक बाल अपचारी को मोटरसाइकिल बरामद करने के बाद भी चोरी के मामला में झुठा फंसाने का प्रयास किया गया। इस प्रकार सेवानिवृत एएआई बद्रीदान ने एएआई शाशिकला के साथ मिलकर पुलिस कर्मी उम्मेदाराम व दिनेश कुमार ने मिथ्या तथ्य गढने व एक बाल अपचारी को चोरी के मामले में झुठा फंसाने का प्रयास किया। वही थाने के लॉकअप में जाकर देखा तो तीन व्यक्ति अर्धनग्न अवस्था में बंद थे। पुछने पर एएसआई नरेन्द्र कुमार ने बताया कि उक्त तीनो व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जबकि लॉकअप में बंद तीनो व्यक्तियों की एसडीएम जालोर के समक्ष पेश कर जमानत पर रिहा करने के बाद भी बिना किसी अपराध के उन्हे लॉकअप में अर्धनग्न अवस्था में रखा गया। उक्त बात का पता तत्कालीन थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह को लगने पर उन्होने भी अपने पुलिसकर्मीयो को बचाने का प्रयास किया।

उक्त शिकायत एसपी जालोर तक पहुंचने पर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने अपने पुलिसकर्मियो को बचाने के लिए अपने हिसाब से तथ्यो को तोड मरोडकर विभागीय कार्यवाही का नाटक कर अपने हिसाब से कानून से उपर समझकर दोषी पुलिसकर्मियो को मुख्य आरोपो से बिना किसी युक्तियुक्त कारण के क्लीन चीट दे दी। उन्होंने एक झुठी एवं मिथ्या रिपोर्ट बनाई जो निरीक्षण में एकदम विपरीत है।

सार-समाचार

चोरी के मामले का पर्दाफाश करने की मांग

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा नगर में शुक्रवार को एमबीआर कॉलेज के छात्रों द्वारा कॉलेज में चोरी की वारदात का खुलासा नहीं होने को लेकर मुख्यमंत्री व कुलपति के नाम से उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में छात्रसंघ अध्यक्ष स्वरूपसिंह सेतराऊ ने बताया की 3 दिसंबर को एमबीआर राजकीय कॉलेज बालोतरा में हुई चोरी जिसमें छात्रों के निजी जानकारी व अहम दस्तावेज चोरी हो गए थे। जिससे छात्रों को गम्भीर समस्याओं का सामना करना पड रहा है व सैकडों छात्रों के मूल दस्तावेज संबंधित कार्य रुके पडे है व छात्रों की निजी जानकारी भंग होने का भी खतरा है। छात्रसंघ कार्यालय के भी ताले तोडे गए है। दस्तावेज भी चोरी किए गए हैं कॉलेज परिसर में शनिवार की रात को समय 8.10 बजे से 9.25 बजे तक परिसर के अंदर दो काले सीसे की गाडयिाँ परिसर के अंदर गुमतीं हुई नजर आ रही है व चोर परिसर के ताले तोड दिए गए। जसोल पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया। कॉलेज प्रशासन ने पुलिस प्रशासन को चोर चोरी करते वक्त की सीसीटीवी फोटोज विडियोग्राफी भी उपलब्ध करवा दी है। छात्रसंघ अध्यक्ष का छात्राओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि रविवार तक चोरी की वारदात का खुलासा नहीं किया गया तो छात्रशक्ति चोरी की वारदात को खुलासा करवाने के लिए सोमवार को विरोध प्रदर्शन करेंगी। इस दौरान पूर्व नगरमंत्री नगरमंत्री लक्ष्मण गोस्वामी,दिनेश राजपुरोहित, गोसाईं चौधरी, ,विरेंद्रसिंह, चिंटू बन्ना, विक्रमसिंह, ललित पालीवाल, संजयसिंह आदि मौजूद रहे।

फलसूंड क्षेत्र में पहुंचे भाजपाई

पोकरण, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी का जन आक्रोश आंदोलन रथ यात्रा विगत पांच दिनों से पोकरण विधानसभा के गांव गांव ढाणी - ढाणी में सतत रूप से जारी है। शुक्रवार को भाजपा की जनआक्रोश आंदोलन यात्रा फलसूंड क्षेत्र पहुंची। भाजपा मीडिया प्रभारी भोमराज माली ने बताया कि रथ यात्रा आज रातडिया, झाबरा, बागथल, फुलासर, पदमपुरा, भूर्जगढ , चादनी मेघासर, प्रभुपुरा , फलसूंड क्षेत्रों में जनता तक पहुंच कर प्रदेश कांग्रेश सरकार की विफलताओं, कमजोरियों एवं जन विरोधी कार्यों को जनता के सम्मुख रखा। भाजपा नेता महंत प्रतापपुरी, विधानसभा क्षेत्र संयोजक मदनसिंह राजमथाई ने फलसूंड में परसों के संस्थापक दाता संबल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान खीमाराम सुथार राजमथाई ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष, पोकरण ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भरत रतनू , भणियाणा मंडल अध्यक्ष महेश कडवासरा, सरपंच जसवंत सिंह, फलसूंड मंडल अध्यक्ष मदन सिंह जोधा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री कुलदीप सिंह जोधा , युवा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सवाई सिंह झलारिया, बागथल सरपंच प्रतिनिधि उर्जा राम, भणियाणा उपप्रधान भंवर सारण, आनंद बागथल, युवा मोर्चा फलसुंड मण्डल अध्यक्ष रेवंतसिंह, किशन सारण भणियाणा मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष , राधेश्याम सिंह झाबरा सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

बाड़मेर जिले में भाजपा की आक्रोश यात्रा

बाड़मेर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी बाड़मेर विधानसभा की जन आक्रोश रैली ने शुक्रवार को विभिन्न गांवों का दौरा किया। भाजपा जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रमुख ललित बोथरा ने बताया कि शुक्रवार को जन आक्रोश रैली गेहूं, लूण,धनोडा गुडी सर ,दरुडा ,बोला, विशाला ,विशाला आगोर, सेजुओ की ढाणी ,कनोडा ,केरावा ,सुरा दुदा बेरी होते हुए नांद पहुंच। पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पीयूष डोसी, विशाला मंडल अध्यक्ष सवाई सिंह राठौड, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता डॉ प्रियंका चौधरी, प्रधान रूपाराम सारण ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर संगठन को मजबूत करने की बात कही। इसी तरह चौहटन विधानसभा में खारी, गिडा ,भंवरिया, पाडर वाली, नवापुरा, बावर वाला ,भलगांव ,बाखासर, हाथला होते हुए चौहटन पहुंची। भाजपा जिला अध्यक्ष आदु राम मेघवाल ने कहा कि देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो लगभग 18 से 20 घंटे तक कार्य करता है। उस व्यक्ति ने कभी भी नकारात्मक राजनीति नहीं की। शिव विधानसभा की जन आक्रोश रैली शुक्रवार को सुंदर, रोहिडी, रोहिडीला, जैसिंधर गांव, तामलोर, शहदाद का पार, बिजावल, पाबूसरी होते हुए रावतसर पहुंची। भाजपा जिला महामंत्री स्वरूप सिंह खारा, जिला उपाध्यक्ष गुमान सिंह सोढा, पूर्व विधायक जालम सिंह रावलोत, उपाध्यक्ष कुमार सिंह सोढा, रैली संयोजक दशरथ मेघवाल, राजेंद्र सिंह भियाड, मंडल अध्यक्ष भारू सिंह सहित कई जने उपस्थित रहे।

पाली कांग्रेसजन कोटा पहुंचे

पाली, (नि.सं.)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने के लिए पीसीसी सदस्य एवं राजस्थान प्रदेश सेवादल उपाध्यक्ष मोहन हटेला व सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में पाली जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में रामगंज मंडी कोटा से रंगपुर चौराहा (बूंदी) तक भाग लिया। कल कोटा में महावीरसिंह राजपुरोहित सुकरलाई के नेतृत्व में पाली विधानसभा के कांग्रेसजन भी पदयात्रा में सम्मलित हुए। पदयात्रा में जिला आयोजना सिमिति सदस्य प्रकाश सांखला, महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति सह सयोजक जीवराज बोराणा, पार्षद एवं कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश महासचिव आमीन अली रंगरेज, राजूराम मीणा, सरपंच अमराराम बेनीवाल, राजेन्द्र सिंह राजपुरोहित, जगमाल राम मेघवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूराराम देवासी, जिला उपाध्यक्ष भैरूसिंह गुर्जर, शंकर लाल कटारिया, सेवादल मीडिया प्रभारी गुलाब खान सोडा, पाली देहात सेवादल अध्यक्ष फिरोज खान मोयला, बाली ब्लॉक अध्यक्ष अजयपाल सिह जोधा, रोहट सोहन लाल पालीवाल, देसूरी अध्यक्ष मूलाराम मीणा, सोजत ब्लॉक अध्यक्ष असलम खा मेहर, राजूसिंह रावत, नेमाराम लोहार, मांगीलाल मेघवाल, कानाराम काग, कृष्णा सांसी, भैराराम ढाबर, घनश्याम राव, अनवर अली सिपाई, चुनीलाल चौधरी, फकीर मोहम्मद घोसी, नरेश कुमार सहित कई जनों ने भाग लिया

पुलिस विश्वविद्यालय का तकनीकी भ्रमण

जोधपुर, (कासं)। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय मण्डोर के साईबर फॉरेंसिक एवं इंफॉरमेशन सिक्यूरिटी ब्रांच के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने संस्थान के खालिद, प्रवक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोनिका मीणा, प्रवक्ता कम्प्यूटर सांइस के निर्देशन में सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय, जोधपुर का तकनीकी भ्रमण किया। सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय के डॉ. अर्जुन चौधरी ने साईबर फॉरेंसिक पर व्याख्यान देते हुए साईबर फॉरेंसिक एवं इंफॉरमेशन सिक्यूरिटी विषय की विस्तृत जानकारी दी एवं उनके नेतृत्व में साईबर फॉरेंसिक के क्षेत्र में किये गये विभिन्न कार्यों को विस्तार से बताया। डॉ. विकास सियाग ने इस क्षेत्र में किये गये जाने वाले छात्रोपयोगी विभिन्न सर्टिफिकेशन कोर्सेज एवं इंटर्नशिप के लिए विभिन्न संस्थाओं की जानकारी दी। प्लेसमेंट ऑफिसर अभिमन्यु ने साईबर फॉरेंसिक के क्षेत्र में भविष्य में व्याप्त अपार रोजगार के अवसरों की जानकारी देते हुए इस क्षेत्र की विभिन्न अग्रणी कंपनियों के बारे में बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे। संस्थान के प्लेसमेंट प्रभारी खालिद ने सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय के प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

जेडीए ठेकेदार से लूट के आरोपी पकड़े

जोधपुर, (कासं)। शहर की बनाड़ पुलिस ने जेडीए ठेकेदार से लूट और डकैती की वारदात करने वाले दो मुल्जिमों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को तीन दिन पहले पकड़ा गया था। अन्य की और पहचान के साथ तलाश की जा रही है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि जेडीए ठेकेदार रविंद्रसिंह की तरफ से जून महिने में लूट और डकैती की रिपोर्ट दी गई थी। प्रकरण में एक आरोपी सीकर के भुवाला धोध निवासी उदयभान सिंह को तीन दिन पहले पकड़ा गया